तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 देऊरगांव की जय गोंडवाना महिला स्व सहायता समूह सम्मानित...



11 बिहान समूहों को 4 करोड़ 53 लाख का ऋण ..



## नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# अष्टमी पर हवन पूजन आज, होगी कन्या पूजा और भोज का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

नवरात्रि पर्व में जय मां दुर्गा उत्सव समिति मटिया द्वारा माता दुर्गा की प्रतिमा की वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है। सप्तमी पर सोमवार को मां दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की पूजा की गई। वहीं 30 सितंबर को अष्टमी दिवस पर हवन पूजन कार्यक्रम होगा। साथ ही कन्या भोज भी कराया जाएगा। पं. बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि कालरात्रि मां के शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। मां कालरात्रि की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। मां का यह रूप भय, अंधकार और नकारात्मक शक्तियों का नाश करता है। इस दिन मां की पूजा करने से रुके काम पूरे होते हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। विधि-पूर्वक देवी की पूजा करने से भक्तों से बुरी शक्तियां दूर रहती हैं। इससे अकाल मृत्यु का भय भी दूर होता है। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं।

**3 अक्टूबर को बाना सांग व विशेष झांकी:** जय मां दुर्गा उत्सव समिति मटिया द्वारा 3 अक्टूबर सुबह 9 बजे बाना सांग रायपुर वाला व विशेष झांकी की प्रस्तुति की जाएगी। पिछले वर्ष भी बाना सांग की प्रस्तुति की थी, जिसे गांव के लोगों ने खूब सराहा। आयोजन को सफल बनाने समिति के संरक्षक रजीताभ मिश्रा, फत्ते साहू, मुकेश यादव, सोनू वर्मा, सागर वर्मा, श्रीराम साहू, तुलसी साहू, बोसेन्द्र पांडेय, लवकुश साहू, नारद यादव, बिट्टू यादव, सुमित यादव, चुम्मन निषाद, राजेश निषाद, अखिलेश वर्मा, सूरज वर्मा, निखिल, सनत साहू, सुंदर साहू, यशवंत यादव सहित पदाधिकारी जुटे हैं।

## दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की लग रही भीड़



### मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आज होगी पूजा

30 सितंबर यानी कल नवरात्रि की अष्टमी तिथि है। नवरात्रि के नौ दिवसीय पर्व का आठवां दिन, जिसे महा अष्टमी भी कहा जाता है, अत्यंत पवित्र और शुभ माना जाता है। इस दिन मां दुर्गा के आठवें स्वरूप माहागौरी की पूजा की जाती है। मां महागौरी सुंदरता, शांति, शुद्धता और दया की देवी हैं। उनकी आराधना से मानसिक शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि प्राप्त होती है। महा अष्टमी का दिन विशेष रूप से कन्या पूजन और भक्तिमय अनुष्ठानों के लिए जाना जाता है।मां महागौरी का रूप अत्यंत शांत और उज्ज्वल है, इसलिए सफेद रंग के वस्त्र, पुष्प और भोग अर्पित करना शुभ माना जाता है। इस दिन विशेष रूप से मिष्ठान, फल, नारियल और पंच मेवा अर्पित किए जाते हैं।

## विरोध : किसानों के साथ चक्काजाम की दी चेतावनी

# बिजली बंद पर भड़के किसान, घेरा दफ्तर, विधायक ने ट्रांसफार्मर बदलने तीन दिन की मोहलत दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



क्षेत्र में कम बारिश से फसलें खराब होने की स्थित में है, जिसे बचाने किसान जद्दोजेहद करने में जहां जुटे हैं, वहीं बिजली की आपूर्ति भी ठीक से नहीं मिल पा रही है। पंपवेल भी नहीं चल रहा है। इससे परेशान होकर ग्राम कुसमी, भोईनाभाटा बहेरा, बाबामोहतरा, तेंदूभाटा, पीपरभट्ठा, गंगापुर एवं ढारा सहित अन्य ग्रामों के सैकड़ों की संख्या में किसानों ने विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव कर दिया।

इस दौरान ग्रामीण आक्रोशित नजर आए। किसानों के इस घेराव में कांग्रेस का साथ मिला। किसानों के घेराव में पूर्व विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा विद्युत मंडल कार्यालय बेमेतरा के घेराव में किसानों का साथ देने के लिए पहुंचे। मीडिया से बात करते हुए आशीष छाबड़ा ने कहा कि आज किसान बता रहे हैं कि तीन माह होने जा रहा है उनके जला हुआ ट्रांसफार्मर बदला नहीं जा रहा हैं। अधिकारी उनसे ट्रांसफार्मर बदलने के नाम पर मोटी रकम की मांग कर रहे हैं और मोटी रकम नहीं दे पाने के कारण इन किसानों के ट्रांसफार्मर नहीं बदले जा रहे हैं वहीं भाजपा नेता का फोन आने पर यह अधिकारी तुरंत ट्रांसफार्मर बदलने के लिए सक्रिय हो जाते हैं। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने आरोप लगाया कि कार्यपालन अधिकारी विद्युत मंडल कार्यालय बेमेतरा के अधिकारी यह भी नहीं जानते की किन-किन ग्रामों से ट्रांसफार्मर जलने की शिकायतें प्राप्त हुई है और उन शिकायतों का निराकरण किया गया है अथवा नहीं।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से विद्युत मंडल के अधिकारियों को जिन-जिन गांवों में ट्रांसफार्मर खराब है अथवा जले हुए हैं उनकी सूची दी गई है। साथ ही साथ यह भी कहा गया है कि तीन दिन के अंदर अगर इन समस्याओं का हल नहीं होता है तो किसान और कांग्रेस मिलकर चक्काजाम करेंगे। साथ ही साथ दशहरा के दिन विद्युत मंडल कार्यालय के सामने पुतला दहन का कार्यक्रम रखा जाएगा। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि अधिकारी सिर्फ भाजपा नेताओं को खुश करने और उन्हें रकम कमा के देने के लिए यहां बैठे हुए हैं। बेमेतरा विद्युत मंडल कार्यालय में भाजपा नेताओं के इशारे पर ट्रांसफार्मर बदली के नाम पर गोरख धंधा किया जा रहा है, किसान छले जा रहे हैं। किसानों के साथ ना इंसाफी हो रही है। इस आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा उनके साथ खड़ी है। इस अवसर पर हरीश साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा मनोज गायकवाड़, रघु तिवारी, प्रकाश वर्मा, हेमंत यदु, मोहन सतनामी, घनश्याम वर्मा, गणेश वर्मा, लोभन बंजारे, मोहन साहू, नारायण साहू, उल्हास वर्मा, प्रेम सिंह वर्मा, सुखीत वर्मा, कुमेन कुर्रे, रंजीत गायकवाड सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# वाहनों को छोड़, पुराने ही दामों पर बिक रहे सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

केंद्र सरकार ने 22 सितंबर से जीएसटी दर में कटौती करते हुए दो स्लेब बनाया है। जीएसटी कटौती के बाद दाम क कम होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी, किन्तु बहुसंख्यक सामान अब तक पुराने दामों पर बेचा जा रहा है, जिसके चलते जनता को नुक़सान उठाना पड़ रहा है। साथ ही केन्द्र सरकार का फैसला अमल होता नहीं दिख रहा है। उपभोक्ता संतोष कुमार ने बताया कि जिस रेट पर पहले सामान मिल रहा था, वर्तमान में भी वही रेट में मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में कटौती का फैसला सिर्फ कागजों पर ही सिमट गया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी कम होने की काफी खुशी हुई थी किन्तु वर्तमान पुरानी दरों पर सामान मिलने से साफ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले की अवेहलना की जा रही है। उपभोक्ता नीरज ने बताया कि जीएसटी कम होने का मतलब है कि सामानों के रेटों पर कटौती, लेकिन वर्तमान में पुराने दामों पर सामान मिल रहा है, जबकि 22 सितंबर से रेट कम होना था पर नहीं हुआ है। किस्टीं की कटौती दो पहिया ओर चार पहिया वाहनों पर ही सीमित है बाकी बाजारों में जीएसटी की कटौती नहीं की जा रही है।

**फोन लगता नहीं:** जीएसटी कम होने के बाद पुराने दामों पर सामान बेचने वालों की शिकायत करने के लिए फोन नंबर जारी किया गया है। उपभोक्ताओं ने बताया कि, दिया गया नंबर नहीं लगता। कुल मिलाकर जनता के साथ मजाक किया जा रहा है। जीएसटी कम होने की खुशी के बीच ग्रामीण क्षेत्रों पर वही पुरानी दरों पर सामान बेचने से आमजनता में नाराजगी देखने मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि के साथ भगत सिंह के विचारों का किया याद



**बेमेतरा।** महान क्रांतिकारी देशभक्त शहीद भगत सिंह के जयंती पर युवा समाजसेवी संस्था बेमेतरा के सदस्य व युवाओ ने भक्त माता कर्मा चौक सिंघौरी में अपने आदर्श शहीद भगत सिंह के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किए। ओर उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्श, मूल्य तथा देशभक्ति से ओतप्रोत विचारों को सामान्यजन तक पहुंचाने का संकल्प लिए। इस दौरान संस्था प्रमुख पोषण वर्मा ने शहीद भगत सिंह के विचारों को आत्मसात किए जाने पर जोर दिए वही बुलाकी (सुनील) यादव, गजाधर साहू , हेमलाल वर्मा ,रितेश वर्मा,प्रीतम वर्मा, डोमेश साहू, भूपेश साहू,मयंक साहू, विजय वर्मा, दिगेश्वर वर्मा ने शहीद भगत सिंह जी के विचारों,मूल्यों,आदर्श को अपने विचार के माध्यम से जन जन पहुंचाने की बात कहते तथा सामूहिक रूप से शहीद भगत सिंह का विचारों ,मूल्यों,आदर्श का पालन करने शपथ लिए।

### बाइक लेकर भागने वाले पकड़े गए

**राजनांदगांव।** प्रार्थी के बाइक को लेकर भागने के मामले में पुलिस ने 7 घंटे के भीतर आरोपी एवं विधि से संघर्षरत बालक को पकड़कर कार्रवाई की है।
पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी नितेश चंद्रवंशी ग्राम डुंडेरा ने थाना डोंगरगढ़ में 28 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 सितंबर को ग्राम डुंडेरा से अपने दोस्त के साथ बाइक में मेला देखने डोंगरगढ़ आया था, तभी बम्लेश्वरी हास्पिटल के पास रोड तरफ बाइक को खड़ा कर मोबाइल और चाबी को बाइक में छोड़कर लघुशंका कर रहा था, तभी 2 लड़के आए और बाइक व मोबाइल को लेकर भाग गए।

# सिलतरा की टीम ने जीती राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा





**नवागढ़।** ब्लॉक के ग्राम रनबोड में न्यू सुभाष कबड्डी दल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का चार दिवसीय कार्यक्रम रविवार को संपन्न हुआ। लगातार हुई बारिश के कारण यह एक दिवसीय कार्यक्रम रोमांचक महाकौशल में बदल गया, जिसमें कुल 45 गांवों की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सिलतरा जिला मुंगेली और बेंदरी जिला मुंगेली के बीच हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने टॉस कराया। सिलतरा ने अपनी दमदार रणनीति और सामूहिक ताकत से मैच जीतकर खिताब अपने नाम किया। बेंदरी को उपविजेता के रूप में संतोष करना पड़ा। तीसरा स्थानविजयगोंड और चौथा स्थान रोहरा खुर्द की टीम रही। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर सरपंच फेरुराम साहू ने आयोजन की सफलता के लिए न्यू सुभाष कबड्डी दल की सराहना की। समापन समारोह में जनपद सदस्य पूजा नागेश्वर बंजारे, राजकुमार मिश्रा सहित आसपास के ग्रामीण और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

> ■ प्रतियोगिता में आसपास के 45 गांवों की टीमों ने लिया हिस्सा

### रक्तदान शिविर का आयोजन 1 अक्टूबर को

**नवागढ़।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी बुधवार, 1 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से सीएचसी नवागढ़ के प्रयोगशाला कक्ष में आयोजित होगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार रक्तदान से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुनीत कार्य में सहयोग करें। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम. एम. रज़ा ने भी लोगों से रक्तदान करने की अपील की है।

# अविभा लायंस बना सॉफ्टबाल प्रीमियर लीग चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम जेवरा में ग्रामीण और जिला सॉफ्टबॉल संघ के संयुक्त आयोजन में जेवरा सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में अविभा लायंस ने यश चैलेंजर्स को तीन इनिंग के रोमांचक मैच में 3-2 के अंतर से हराकर चैंपियन बनी। वहीं हार्ड लाइन के मैच में जेवरा डेविल्स और ओम पेंथर की टीम का स्कोर 2-2 रहने पर दोनों टीमों को संयुक्त तृतीय विजेता घोषित किया गया।

प्रतियोगिता में बेस्ट हिटर अविभा लायंस के चेतन यदु को, बेस्ट पिचर जेवरा डेविल्स की तारनी यदु को, बेस्ट फील्डर ओम पेंथर के राजू को तथा बेस्ट कैचर यश चैलेंजर्स जानकी साहू को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह मे पूर्व सरपंच उदय भास्कर सिंह,सेवा सहकारीसमिति जेवरा के अध्यक्ष प्रबल सिंह, प्रवीण सिंह, राम मुरारी सिंह विनोद चौहान प्रधान पाठक, भागवत सिन्हा, प्रवीण सिंह मुकेश सिंह,अनिरुद्ध सिंह अंकित सिंह, रूपेश पाटिल राहुल योगी, लाला पाटिल पंच, अभिषेक सिंह पूर्व सैनिक आदि की गरिमामयी उपस्थिति मे सम्मपन्न हुआ। इस अवसर पर उदय भास्कर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद देकर अच्छे खेल का प्रदर्श- करने वाली टीमों को बधाई दिया। वहीं प्रबल सिंह ने जेवरा के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर जेवरा ग्राम का नाम रोशन करने अपनी शुभकामनाएं दी। जेवरा स्कूल के व्यायाम शिक्षक मृत्युंजय शर्मा ने इस आयोजन हेतु सहयोगियों का आभार जताया। आयोजन के द्वितीय दिवस यश चैलेन्जर्स, ओम पेंथर्स, जेवरा डेविल्स और अविभा लायंस के मध्य लीग के बाकी मैच खेले गये जिसमे अविभा लायंस ने ओम पेंथर को 9-0 से, यश चैलेन्जर्स को जेवरा डेविल्स ने 3-2 से हराया। लीग मैच में तीन टीमों के अंक बराबर रहने पर रन रेट के आधार पर अविभा लायंस और यश चैलेंजर्स की टीम फाइनल मे पहुंची। आज के मैच में प्रिंस सिंह, दुष्यंत जोशी, देवांशु शर्मा, नेतराम साहू, जीतेन्द्र, विकास पाटिल, कमल यादव, हरिश गायकवाड़, नीरज ने अंपायरिंग की। वहीं नम्रता गेंद्रे स्कोरर रही।

## पुलिस महानिरीक्षक गर्ग ने ली समीक्षा बैठक

# जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करना जरुरी : गर्ग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गार्ड ऑफ ऑनर प्राप्त किया और इसके बाद जिले के राजपत्रित अधिकारियों और थाना/चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। आईजीपी ने बीट सिस्टम की समीक्षा की और थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमण करें, स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करें और जुआ, अवैध शराब, मादक पदार्थों और नशीली दवाओं की गतिविधियों पर निगरानी रखें। आईजीपी ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर तत्काल समाधान करना आवश्यक है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनता के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें और उनकी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सीसीटीएनएस योजनांतर्गत एमएलसी/पीएम रिपोर्ट ऑनलाइन माध्यम से संबंधित अस्पतालों में भेजनी होगी और विभिन्न पोर्टलों का उपयोग और संचालन करना होगा।श्री गर्ग ने अवैध शराब, जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने लंबित अपराधों और शिकायतों के शीघ्र निपटारे की आवश्यकता पर बल दिया।

### साइबर अपराध और जागरूकता

आईजीपी ने साइबर अपराध के प्रति आमजनों को जागरूक करने और वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में म्यूल अकाउंट को फ्रीज करने के निर्देश दिए। उन्होंने साइबर प्रहरी अभियान और त्रिनयन एप के संबंध में जहां आवश्यक निर्देश दिए वही कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने और आम जनता से पुलिस का बेहतर संबंध बनाने की बात कही ओर सोशल मीडिया पर सतत निगाह रखने और अधिकारी/कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के साथ कानून और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने पर जोर दिए ।बैठक में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला विनय कुमार,डीएसपी कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, पीआरओ प्रशांत शुक्ला, प्रभारी स्टेनो सउनि (अ) संतोष कुमार सोनवानी,एसएसपी रीडर विष्णु सप्रे एवं जिले के समस्त थाना व चौकी प्रभारी एवं अन्य अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रंग बिरंगे परिधान पहन महिलाओं ने डांडिया के ताल पर किया नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

मारवाड़ी दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में महिलाओं, युवतियां और बच्चों ने डांडिया के ताल पर झूमकर नृत्य किया।

साथ ही वातावरण गीतों एवं डांडिया के धुनों से गूंजाय मान रहा। इस तरह का आयोजन का मुख्य उद्देश्य अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करना है। और अपने सांस्कृतिक धरोहर को समझने आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करना होता है। भक्ति गीतों पर घंटो गरबा नृत्य करते रहे। नवरात्र का पर्व अपने मन को शुद्ध करने वाला पर्व है। नवरात्र के दौरान गरबा और डांडिया का विशेष महत्व है। गरबा जो की पारंपरिक गुजराती नृत्य है। यह जीवन और सृजन का प्रतीक है। सैकड़ो की संख्या में मोहल्लेवासी देखकर झूम उठे, और आनंद लिया।

# मरीजों पर भारी पड़ रही जेएलएन हास्पिटल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी

## इंटक ने सेल प्रबंधन से की सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील एम्पलाइज यूनियन इंटक ने बोनस को लेकर सेल प्रबंधन के एकतरफा कदम का कड़ा विरिध करते हुए सम्मानजनक बोनस एग्रीमेंट करने कर 32 हजार 5 सौ रुपए बोनस दिए जाने की मांग की है। कहा है कि ऐसा नहीं किए जाने से कर्मियों में आक्रोश बढ़ेगा और मनोबल गिरेगा। जेएलएन अस्पताल में पैरामेडिकल स्टाफ की कमी से मरीज परेशान हैं। रिटायर डाक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ को भी रखा जाए।

यूनियन की कार्यकारिणी की हुई बैठक मे बैठक उच्च प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से 29500 रु बोनस कर्मचारियों के खाते में डालने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। पदाधिकारियों ने मांग किया कि सेल प्रबंधन जल्द बोनस बैठक कर एग्रीमेंट करते हुए सेल में एक स्वस्थ परंपरा कायम करे। बैठक में बीएसपी में इंसेंटिव स्कीम रिवाइज करने व अस्पताल के रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को भी रिटायर्ड डॉक्टर की भांति स्वास्थ्य केंद्र में रखने की मांग की गई। महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि सेल प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों के खाते में 29500 रु डाले जाने को सेल प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों का अपमान किया है। यदि बोनस बैठक में पहले दिन सहमति नही बनी तो प्रबंधन बेहतर तालमेल स्थापित रखने बोनस वार्ता करता सेल प्रबंधन को कोल इंडिया प्रबंधन से सीख लेनी चाहिए। जहां कोल इंडिया प्रबंधन ने नवरात्रि से पहले बोनस तय करने के लिए खुद ही हाईकोर्ट में गुहार लगाया एवं पांचो ट्रेड यूनियनो के साथ बैठक कर बेहतर बोनस समझौता किया।



### रिटायर डॉक्टरों की तरह पैरामेडिकल स्टाफ की करें भर्ती

उप महासचिव अनिमेष पसीने ने कहा कि बीएसपी में रिटायर हो चुके डॉक्टर को बहुत अच्छे मानदेय के साथ अस्पताल में रखा जा रहा है लेकिन पैरामेडिकल स्टाफ को नहीं लिया जा रहा है। पिछले वर्ष तक सीएसआर के तहत संचालित स्वास्थ्य केन्द्रों में बीएसपी से रिटायर फार्मासिस्ट एवं अन्य पैरामेडिकल स्टाफ को लिया गया लेकिन इस बार प्रबंधन एच एल एल के माध्यम से पैरामेडिकल स्टाफ रख रहा है। इस भेदभावपूर्ण क्यों किया जा रहा है। रिटायर पैरामेडिकल स्टाफ को सी एस आर के तहत संचालित स्वास्थ्य केद्रो में रखने की मांग की। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि सहित अजय कुमार मार्टिन, गिरिराज देशमुख, सच्चिदानंद पांडे, धनेश प्रसाद, रमाशंकर सिंह, रेशम राठौर ज्ञानेंद्र पांडे राजकुमार के रमन मूर्ति सचिव ताम्रध्वज सिन्हा डी शंकर राजकुमार नायर गणेश कुमार सोनी विंसेंट परेरा विजय विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम जंजगिरी नाला में डूबने से युवक की मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 3 किलोमीटर की दूरी ग्राम जंजगिरी नाले में युवक डूबने से मौत हो गई मृतक राजेंद्र प्रसाद ढीमर पिता पन्नालाल ढीमर 42 वर्ष रविवार की दोपहर 12 बजे के लगभग डूब गया। थाना प्रभारी डॉ. भानुप्रताप साव के निर्देश पर एसआई सुन्दर लाल नेताम ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को नाला से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल दुर्ग भेजा। अंडा पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### सीमन्तोन्नयन संस्कार और नौ कुण्डी यज्ञ 30 को

**निकुम।** मां अंबे दुर्गा उत्सव नवयुवक मंडल ग्राम चिंगरी और शांतिकुंज हरिद्वार गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग के तत्वाधान में गर्भ उत्सव संस्कार (सीमन्तोन्नयन) एवं नव कुंडीय गायत्री महायज्ञ 30 अक्टूबर महाष्टमी पर ग्राम पंचायत चिंगरी के समीप डोम शेड में आयोजित किया जा रहा है। पहली बार रिकॉर्ड 101 गर्भवती महिलाओं का गर्भ संस्कार किया जाएगा। कार्यक्रम के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने बताया कि सभी माता के लिए पोषण किट तैयार की जा रही है और पूर्व में भी इस तरीके के आयोजन हुए हैं लेकिन इस बार लक्ष्य बड़ा है 101 महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा और पूरी जानकारी गायत्री शक्तिपीठ के विशेष प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से महिलाओं को दिखाया, बताया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत के अध्यक्ष सरस्वती बंजारे और जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। विशेष अतिथि आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य बेला यादव एवं सरपंच पुष्पा वाघमारे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ, विशिष्ट जन शामिल होंगे।

### मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**सेलूद।** ग्राम सेलूद में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से सेलूद के भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री कृष्ण कुमार साहू, शक्ति केंद्र संयोजक रमेश देवांगन, सेलूद के पूर्व सरपंच खेमिन साहू, टामन लाल साहू प्राधिकृत अधिकारी सोसायटी, वरिष्ठ कार्यकर्ता तुकाराम सेन, दाऊ महेश्वर बंछोर, बूथ अध्यक्ष उमेश राजू देवांगन, जयंत साहू आदि उपस्थित थे।

**तैयारी :** रोजाना हजारों पर्यटकों की आमद को देखते हुए जानवरों के कैज में भी पेंटिंग

# सर्दियों के लिए संवर रहा मैत्रीबाग फुलवारियों में मौसमी फूलों की बहार


हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सर्दियों के मौसम के करीब आते है मैत्रीबाग की रौनक बढ़ाने की तैयारी शुरु हो गई है। बारिश के चार माह बाद ठंडी के खुशगवार मौसम में यहां आने वाले हजारों सैलानियों के लिए प्रकृति से रुबरु होना एक रोमांचकारी अनुभव होगा। पर्यटकों को लुभाने के लिए प्रबंधन ने मैत्री गार्डन और चिड़ियाघर को आकर्षक तरीके से संवारने की कवायद शुरु कर दी है। लोगों को खूबसूरत मौसमी फूलों की इंद्रधनुषी रंगत के साथ वन्य प्राणियों की अधिक चंचलता दिखाई देगी।

उल्लेखनीय है बरसात के मौसम में मैत्रीबाग बैरौन था। चार महीने के बारिश के मौसम के चलते मैत्रीबाग आने वाले पर्यटकों की आमद कम रही वहीं पानी, कीचड़ और बरसाती खरपतवारों ने भी यहां की सुंदरता को कम कर दिया था। अब वर्षा का मौसम विदाई की ओर है और ठंडी के आते ही फिर से एक बार भिलाई दुर्ग सहित अंचल के सैलानियों की भीड़ बढ़ेगी। इसे देखते हुए उद्यानिकी विभाग ने पर्यटकों को रिझाने के लिए मैत्रीबाग को संवारना शुरु कर दिया है। ठंडी में यहां रोजाना दो से ढाई हजार लोग आते हैं। रविवार को सैलानियों की तादाद 5 हजार पहुंच जाती है। उद्यानिकी विभाग द्वारा यहां फुलवारियों और जू दोनों को आकर्षक बनाने की कवायद की जा रही है। ठंडी में खिलने वाले फूलों के पौधों को लगाने क्यारियां तैयार की जा रही हैं। इनमें सभी वेरायटी के गुलाब, डहेलिया, गेंदा, पैंजी, आस्टर, कैलेंडूला, पिटूनिया, फ्लास्क, सालविया आदि दो दर्जन से अधिक मौसमी फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इनके लिए छोटी छोटी क्यारियों के साथ नर्सरी लगाई जा रही है।

मिट्टी को पलट कर कंपोस्ट खाद डालने का काम चल रहा है। मैत्रीबाग प्रभारी डां. एनके जैन ने बताया कि क्यारियों का काम पूरा होते ही रोज गार्डन, कैंडल गार्डन, संकर लान व झील के निकट कारीडोर आदि चारों ओर अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में यह सभी मौसमी फूलों के पौधे लगा दिए जाएंगे। इनमें दिसंबर के अंत तक फूल खिलने लगेंगे। बीच बीच में शो प्लांट्स भी लगाने के साथ सभी लांनों को संवारा जा रहा है। गैंदा आदि कुछ फूलों के बीज मैत्रीबाग में ही तैयार किए जाते हैं।

### फ्लावर शो भी रहेगा आकर्षण का केंद्र





### स्कूली बच्चों की पिकनिक टीमों की धूम

आने वाले ठंडी के मौसम में मैत्रीबाग नन्हों पर्यटकों से गुलजार होगा। खुशनुमा मौसम के चलते परीक्षाओं के पूर्व भिलाई दुर्ग के अलावा आसपास के शहरो से यहां स्कूली बच्चों की पिकनिक टूरों का सिलसिला शुरु हो जाता है। नौनिहाल यहां खाते पीते हुए झूलों फिसलनपट्टी आदि का मजा लेते हुए खूबसूरत जानवरो व परिंदों का नजारा लेते हैं। हर साल हजारों बच्चे यहां ठंड के मौसम में आते हैं।

### चिड़ियाघर के केजों की भी पेंटिंग

मैत्रीबाग में फुलवारियों के साथ चिड़ियाघर को भी निखारा जा रहा है। पक्षियों और जानवरों के कैज की पेंटिंग की जाएगी। एनक्लोजर के सामने नेम प्लेट भी अपडेट किए जाएंगे। मेन गेट में पेंटिंग की जाएगी। इसके अलावा चिड़ियाघर में बरसात के मौसम में चारों तरफ उगे घास और खरपतवारों की भी सफाई कराई जा रही है। पेयजल की सुनिश्चितता व प्रसाधन को भी स्वच्छ रखे जाने कर्मियों को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि नव वर्ष पर 31 दिसंबर और फरवरी में फ्लावर शो में यहां पचास हजार लोग आते हैं।

# बच्ची की जान बचाने तैयार किया ग्रीन कॉरिडोर, खोए बच्चे को मिलाया उसकी मां से



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मानवीयता के क्षेत्र में दो सराहनीय काम करने के चलते दुर्ग पुलिस चर्चा में है। पुलिस ने पहले एक बच्चे की जान बचाने के लिए नवरात्रि के भीड़भाड़ वाले माहौल में ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर उसे कम समय में रायपुर पहुंचाया। वहीं दूसरी तरफ भीड़ में खोए बच्चे को खोजकर उसकी मां से मिलवाया।

27 सितम्बर को दुर्ग स्थित एक निजी अस्पताल में 15 दिनों से भर्ती एक बच्ची भारती सिंह की हालत काफी गंभीर हो गई। उसे सांस लेने में काफी परेशानी हो रही थी। डॉक्टरों ने रायपुर बाल गोपाल उसे रेफर किया। सूचना मिलते ही दुर्ग ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी ने नवरात्रि महोत्सव के कारण दुर्ग-रायपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी यातायात दबाव होने के बावजूद तत्काल ग्रीन कॉरिडोर तैयार कर एम्बुलेंस को पुलिस वाहन द्वारा पायलटिंग प्रदान की और कम समय में उसे रायपुर अस्पताल पहुंचाया।

### 6 साल के बच्चे को खोजकर सुरक्षित पहुंचाया

25 सितम्बर 2025 को भिलाई के बीएसएनएल चौक, सेंट्रल एवेन्यू पर ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस को 6 साल का बच्चा प्रणव ध्रुव मिला। पूछताछ कर उसके परिजनों का पता लगाया गया और आवश्यक सत्यापन के बाद उसे सुरक्षित रूप से परिवार को सुपुर्द किया गया।

### 11 साल के खोए बच्चे को मिलवाया उसकी मां से

इसी तरह 26 सितम्बर को नेहरू नगर हाईवे पर यातायात पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को एक 11 साल का लड़का मिला। पूछने पर उसने अपना नाम सतीश मरकण्डेय बताया। उसने बताया कि वह अपनी मां के साथ दुर्गा पूजा की झांकी देखने आया था और कहीं पर उससे बिछड़ गया है। बच्चे ने मां का जो मोबाइल नंबर बताया वो भी गलत था, लेकिन पुलिस ने उस अधूरे नंबर को कई बार ट्राई किया और उसकी मां का पता लगाकर बच्चे के बारे में सूचना दी। जब उसकी मां बताए स्थान पर पहुंची तो बच्चे से तप्तीश करने के बाद उसे उसकी मां के सुपुर्द किया गया।

# नदी में डूबा सातवीं का छात्र, लापता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ कुम्हारी थाना का मामला

दुर्ग जिले के कुम्हारी थाना अंतर्गत घर से दोस्तों के साथ घूमने निकला 7वीं कक्षा का छात्र खारुन नदी में डूब गया। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम पहुंची।

रविवार को दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। शाम हो जाने पर रेस्क्यू रोका गया है। एसडीआरएफ की टीम सोमवार को फिर से दोबारा खारुन नदी में तलाश करने उतरेगी। कुम्हारी थाना प्रभारी योगेन्द्र वर्मा ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर 3 बजे की है। महामायापारा निवासी गजेन्द्र पटेल पिता नंद लाल पटेल (13 वर्ष) 7वीं कक्षा में पढ़ाई करता है। वह अपने तीन-चार साथियों के साथ घर से घूमने निकला था। वो लोग घूमते हुए खारुन नदी में बने अटारी एनीकट के पास पहुंचे। वहां पहुंचने पर गजेंद्र नहाने की बात करने लगा। देखते ही देखते उसने कपड़े उतारे और नदी में छलांग लगा दिया। तेज बहाव होने के चलते वो नदी में डूबने लगा। उसे डूबता देख उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव में आने से वो बह गया। उसके साथियों ने दौड़कर घर वालों को इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम दुर्ग से पहुंची, लेकिन अंधेरा हो जो के चलते वो नदी में नहीं उतरी। रविवार सुबह से एसडीआरएफ ने नदी में रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। दिनभर रेस्क्यू करने के बाद भी जब कुछ नहीं मिला तो टीम बाहर आ गई। सोमवार को फिर से रेस्क्यू शुरू कर खोज की जाएगी। इधर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# हेरोइन बेचने वाले चार आरोपी भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ पहले हो चुके हैं 15 गिरफ्तार

दुर्ग पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने हेरोइन (चिट्टा) बेचने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। इससे पहले पुलिस ऐसे ही चिट्टा बेचने वाले 15 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ मोहन नगर थाना और एसीसीयू की टीम ने मिलकर कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक दूसरे के सम्पर्क मे रहकर योजनाबद्ध तरीके से चिट्टा लाकर खरिदी बिक्री करते हैं। उनके द्वारा वाट्सअप कॉल के जरिए ग्राहकों से संपर्क किया जाता है और फिर ऑनलाइन पेमेंट लेकर तय जगह पर चिट्टा सप्लाई किया जा रहा था। जब पुलिस ने मुखिबर को अलर्ट किया तो पता चला कि ये लोग पंजाब राज्य से चिट्टा लाकर यहां बेच रहे हैं।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 28 सितंबर को 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम गगन कुमार दिवाकर निवासी जामुल, राहुल रामटेके निवासी कैम्प 1 छावनी, राजवीर सिंह उर्फ यश निवासी खुर्सीपार और भूपेन्द्र सिंह निवासी खुर्सीपार बताया। उन्होंने चिट्टा का नशा करना और उसे बेचना स्वीकार किया। पुलिस ने उनके पास से 3 मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसमें खरीदी बिक्री से जुड़े साक्ष्य मिले हैं। सभी को गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## मकान में लगी देर रात आग, सामान खाक

**भिलाई।** भिलाई में वैशाली नगर थाना अंतर्गत रामनगर क्षेत्र में बीती देर रात एक मकान में आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दुर्ग से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। टीम ने आकर आग पर काबू पाया। जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें 28 सितंबर को तड़के 4 बजे सूचना मिली थी कि सुपेला में आग लगी है। सूचना मिलते ही दमकल की टीम को रवाना किया गया। टीम जब पहुंची तो पता चला कि सुरेश नायडू के मकान में आग लगी है। अग्निशमन कर्मियों ने आग को बुझाने का काम शुरू किया। एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया गया। यदि आग को समय पर नहीं रोका जाता तो आग और भी घरों में फैल सकती थी। आग से घर का सामान जलकर खाक हो गया है।

# गरबा उत्सव में सितारों और दिग्गजों की मौजूदगी से सजी महफिल



**भिलाई।** दुर्ग नवनिर्मित समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय गरबा उत्सव की शुरुआत महेश कॉलोनी, पुलगांव में परंपरागत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़े और उत्साह से गरबा करते दिखे। मौसम को देखते हुए कार्यक्रम स्थल बदला गया था, लेकिन नई जगह पर भी लोगों का उत्साह देखते ही बना। हजारों की संख्या में दुर्ग-भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे और उत्सव मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, महापौर अलका बाघमार, चतुर्भुज राठी और प्रकाश देशलहरा ने माता की अराधना का पर्व नवरात्र की सभी को शुभकामनाएं दी। आयोजन के पहले दिन छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय अभिनेत्री अनुकृति चौहान, धारावाहिक बिंदास बहुरानी फेम वंदना साहू, कलाकार दिलेश साहू, उपासना वैष्णव, उर्वशी साहू और अंजलि राजम ने शिरकत की। लाइव बैंड की धुनों और ढोल-नगाड़ों की ताल पर जब प्रतिभागियों ने पारंपरिक परिधानों में थिरकना शुरू किया तो पूरा पंडाल गरबा और डांडिया की रंगत में रंग गया। महिलाएँ रंग-बिरंगे लहंगे-चुनरी में, पुरुष कुर्ता-पायजामा और परंपरागत वेशभूषा में सज-धज कर शामिल हुए। बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक सभी ने उत्सव का आनंद लिया। समिति के संरक्षक एवं पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि गरबा उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपरा का उत्सव है। सोशल मीडिया पर कार्यक्रम की तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं। समापन अवसर पर और भी ज्यादा रंगारंग प्रस्तुतियाँ, विशेष आकर्षण और पुरस्कार वितरण होगा।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

# राज्यस्तरीय खेल में दुर्ग संभाग बना ओवर ऑल चैम्पियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2025 का समापन एसएनजी विद्यालय, सेक्टर-4, भिलाई में हुआ। प्रतियोगिता 25 सितम्बर प्रारंभ हुआ था, जिसमें सरगुजा, बस्तर, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। समापन समारोह की अध्यक्षता अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने की। 25वीं राज्य स्तरीय साल क्रीडा प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा।

अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने खिलाड़ियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अपने जिलों में पुरस्कार लेकर पहुंचेंगे, उन्हें न केवल जिला शिक्षा अधिकारी बल्कि पूरा समाज सम्मानित करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया और कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं, बल्कि अनुशासन और टीम भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि हार को कभी अंतिम नहीं मानना चाहिए, बल्कि प्रयास करते रहना चाहिए।



### ये प्रतियोगिताएं हुई

प्रतियोगिता में फेंसिंग, नेटबॉल, ट्रैक साइक्लिंग, लॉन टेनिस, जूडो और टेबल टेनिस (बालक, बालिका वर्ग) जैसे रोमांचक खेलों का आयोजन किया गया था, जिसमें राज्य भर के युवा खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में फेंसिंग बालक दुर्ग संभाग, फेंसिंग बालिका में रायपुर संभाग प्रथम पायदान पर रहे। इसी प्रकार नेटबॉल बालक, बालिका में दुर्ग, ट्रेक साइकलिंग बालक, बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी क्रम में लॉन टेनिस बालक, बालिका में रायपुर संभाग प्रथम स्थान पर रहा। जूडो बालक 14 वर्ष में दुर्ग संभाग, ऑल ओवर जूडो बालक, बालिका में बस्तर संभाग प्रथम पायदान पर, टेबल टेनिस बालक बिलासपुर संभाग और बालिका में दुर्ग संभाग ने प्रथम स्थान सुरक्षित किया। इस तरह समग्र प्रदर्शन के आधार पर ऑल ओवर चैम्पियन का ख़िताब दुर्ग संभाग के नाम रहा। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, राजनांदगांव, धमतरी व गरियाबंद के जिला शिक्षा अधिकारी सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा दिव्यांगजनों को सामग्री वितरण, सेवा व जनहित को समर्पित अभियानः नीतेश



**हरिभूमि बोड़ला।** समाज कल्याण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा के अवसर पर बोड़ला में दिव्यांगजन एवं पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया और शासन प्रशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष नीतेश अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चल रहे सेवा पखवाड़ा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह अभियान सेवा और जनहित को समर्पित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन को उत्सव नहीं बल्कि सेवा के रूप में मनाने का जो संकल्प लिया है। वह पूरे देश के लिए प्रेरणा है, सेवा पखवाड़ा अंतर्गत समाज के हर वर्ग तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, जिससे कमजोर वर्गों को लाभ मिल रहा है। शिविर में दिव्यांगजन सामग्री पाकर खुशी से झूम उठे, किसी को व्हीलचेयर तो किसी को श्रवण यंत्र प्राप्त हुआ। उनकी मुस्कान ने पूरे माहौल को भावनात्मक बना दिया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह आयोजन वास्तव में जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, जनपद सदस्य रमेश मेरावी, राजेश साहू, मोहन कश्यप सहित समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

### सूरजपुरा स्कूल में कन्या भोज कार्यक्रम आयोजित



**हरिभूमि स/लोहारा।** विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत नवरात्रि पावन पर्व के अवसर पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय सूरजपुरा संकुल सूरजपुरा में न्यौता भोज कार्यक्रम के अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं को खीर-पुड़ी, केला-सेव, मिठाई, चना का प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय परिषर भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे, जिनमें आरके जंघेल, वीके गाढ़े, केके साहू, हिरवानी मैडम, यादव मैडम, एस चंद्राकर, एसएस चंद्रवंशी, आलोक कोठारी, एन रावते, संतराम नेताम, मीरा और रामेश्वर पाली उपस्थित थे। सभी शिक्षकों ने स्वयं प्रसाद वितरण में सहभागिता निभाई और बच्चों को स्नेहपूर्वक भोजन परोसा। कार्यक्रम का संचालन जगेश्वर कुमार धुर्वे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व मातृशक्ति की आराधना और बच्चों में संस्कार एवं श्रद्धा का भाव जगाने का अवसर है। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिषर में हर्ष, भक्ति और आनंद का वातावरण बना रहा।

### विधायक भावना के पहल से दिव्यांग दुखिया को मिली व्हीलचेयर, किया आभार व्यक्त



**हरिभूमि कुण्डा।** भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सांसद खेल-कूद, रंगोली प्रतियोगिता, दिव्यांगजनों, वरिष्ठजनों का सम्मान, चित्रकला आदि कार्यक्रमों का आयोजन आयोजित किया जा रहा है। वही कुण्डा तहसील अंतर्गत ग्राम खम्हरिया में आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान ग्राम खम्हरिया निवासी दिव्यांग दुखिया निर्मलकर को मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के आग्रह पर विधायक भावना के पहल से व्हीलचेयर प्रदान की गई। वहीं व्हीलचेयर पाकर दिव्यांग दुखिया की चेहरे खुशी से खिल उठें। बताया जाता है कि दिव्यांग दुखिया निर्मलकर 60 प्रतिशत निशक्त है, उन्हें चलने-फिरने में भारी परेशानी एवं नितकार्य में दिक्कत आ रही थी, वहीं व्हीलचेयर मिलने से उनके चेहरे में खुशी साफ देखी जा सकती है। निशक्त सामग्री मिलने पर उन्होंने विधायक भावना बोहरा, जिला मंत्री ओमयदु, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, महामंत्री मनहरण साहू, महामंत्री सुमन गुप्ता, सभापति दीपा धुर्वे सेवाराम कुर्रे, कृष्णा चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी, पुरसोत्तम निर्मलकर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**// ईश्तहार //**
**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग.**
**:: शपथ पत्र ::**

मैं दुलेश्वर सिंह पिता बीरबल चंद्रवंशी उम्र 39 वर्ष निवासी सतनामी पारा लखनपुर कला कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.) का रहने वाला हूँ, जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करती हूँ-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार हैं।
2. यह कि मेरे पुत्री पार्थिवी चंद्रवंशी का जन्म चेतना हास्पिटल बेमेतरा दिनांक 13.05.2023 को हुआ है। जिसका जन्म प्रमाण पत्र मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद बेमेतरा के द्वारा जारी किया गया हैं जिसका पंजीकरण संख्या बी-2023:22-90632-000381 जारी दिनांक 18.05.2023 हैं।
3. यह कि मेरे पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम पार्थिवी चंद्रवंशी व पिता दुलेश्वर चंद्रवंशी दर्ज हैं जिसे मैं पार्थिवी सिंह पिता दुलेश्वर सिंह दर्ज कराना चाहता हूं।
4. यह कि मेरे पुत्री पार्थिवी सिंह के नया प्रमाण पत्र जारी होने के बाद पूर्व जारी जन्म प्रमाण पत्र का उपयोग नहीं किया जावेगा यदि किया जाता हैं तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी जो भी कार्यवाही होगी उसके लिए मैं स्वतः जिम्मेदारी रहूंगा।

**शपथकर्ता**

### मां दुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित की गई माता रानी की भव्य प्रतिमाएं, उत्साह का माहौल

**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बूढ़ा महादेव समिति, शारदा उत्सव समिति, बजरंग दल समिति, मां महामाया समिति द्वारा चार मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया है एवं मां महामाया व मां शीतला मंदिर में 150 ज्योति कलश एवं ज्वारा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया है, जिसमें शाम होते ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन करने उमड़ रही है। पूर्वजों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मां महामाया देवी का दर्शन करने से ही सारी पापों का नाश हो जाता है ।

# डरावनी रंगरूप वाली गुफा व विशाल प्रतिमा बनी आस्था का केन्द्र, उमड़ रही भक्तों की भीड़

- बच्चियों और महिलाओं में गुफा प्रवेश का डर अधिक, अन्य जिले से पहुंच रहे श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

शारदीय नवरात्रि पर धर्म नगरी कवर्धा शहर भक्ति और आस्था के अद्भुत संगम में डूबा हुआ है। बताया जाता है कि राजमहल कॉलोनी स्थित डड़सेना भवन स्थित आदर्श विद्या मंदिर के पास नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष ऐसा आकर्षण तैयार किया गया है, जिसने न केवल जिले बल्कि पूरे अंचल में उत्साह का माहौल बना दिया है।

समिति ने मां वैष्णव देवी मंदिर की तर्ज पर भव्य एवं डरावनी रंगरूप वाली गुफा का निर्माण किया है, जिसकी अद्वितीय सजावट और रहस्यमयी वातावरण भक्तों के लिए अद्भुत आध्यात्मिक अनुभव का केन्द्र बन गया है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार इस गुफा को देखने और माता के दर्शन के लिए प्रतिदिन करीब 4 से 5 हजार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। जिसमें न केवल कवर्धा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आकर माता रानी का आशीर्वाद ले रहे हैं। गुफा की अनोखी सजावट, भव्य प्रतिमाएं और रोशनी से सजे रहस्यमयी गलियारे हर आगंतुक को दिव्यता और रोमांच का अद्भुत अहसास कराते हैं।

समिति के सदस्य गुड्डू, बंटी, सतीश, मनु व कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस अनोखी गुफा की तैयारियां लगभग पांच महीने पहले से शुरू की गई थीं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं के उत्साह को देखते हुए आने वाले वर्ष में इससे भी अधिक भव्य गुफा बनाने की योजना है। फिलहाल गुफा प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11.30 बजे तक दर्शकों के लिए खुली रहती है। नवरात्रि की धार्मिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समिति द्वारा अष्टमी पर भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों भक्तों के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा इस वर्ष विसर्जन कार्यक्रम को और खास बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। प्रत्येक वर्ष की तरह 151 मीटर चुनरी यात्रा की जगह इस बार दशहरे के दूसरे दिन कलश यात्रा एवं जोत-ज्वारा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकलेगी, जिसका रूट माता रानी के विराजित स्थान से शुरू होकर भोजली तालाब, भारत माता चौक, बस स्टैंड तक जाएगा और फिर रिटर्न होकर भारत माता चौक पहुंचेगा। यहां जिले की सुख-समृद्धि और शांति के लिए भव्य महाआरती की जाएगी। इसके बाद यात्रा राजमहल चौक होते हुए सकरी नदी सेतु स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पहुंचेगी, जहां माता रानी के विसर्जन का दिव्य कार्यक्रम सम्पन्न होगा।



#### 14 फीट की भव्य प्रतिमा मुख्य आकर्षण

पंडाल में स्थापित 14 फीट ऊंची मां दुर्गा की विशाल प्रतिमा श्रद्धालुओं को आस्था और भव्यता का अनुपम अनुभव करा रही है। गुफा के भीतर देवी-देवताओं की सुंदर मूर्तियां और आकर्षक प्रकाश व्यवस्था श्रद्धालुओं को ऐसा प्रतीत कराती है मानो वे किसी अद्भुत देवी धाम में पहुंच गए हों।

#### आस्था और संस्कृति का संगम

नवदुर्गा उत्सव समिति का यह आयोजन न केवल कवर्धा जिले की धार्मिक आस्था को नई ऊंचाई दे रहा है, बल्कि सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूत कर रहा है। डरावनी रंगरूप, गुफा की भव्यता, विशाल प्रतिमा और अनूठी परंपराओं ने इस बार के नवरात्रि उत्सव को ऐतिहासिक बना दिया है। श्रद्धालु इसे जीवन भर याद रहने वाला अनुभव बता रहे हैं।

### लखपति दीदी बनने की ओर अग्रसर महिलाएं, बैंक समूह की साझेदारी ने दिया नया आयाम

# बिहान समूहों को 4 करोड़ 53 लाख का ऋण कलेक्टर ने बैंकर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से जिले में महिला स्व सहायता समूहों की आर्थिक स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। बिहान योजना के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं और भारत सरकार की लखपति दीदी बनने का सपना भी साकार होने की दिशा में है। इसी कड़ी में स्व सहायता समूहों को ऋण एवं अन्य बैंकिंग सुविधा प्रदान करने वाले बैंकों का आज सम्मान किया गया।

कलेक्टर गोपाल वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी ने उत्कृष्ट कार्य के लिए बैंकर्स को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर अभिनंदन किया। बैकर्स की बैठक के बताया गया कि महिलाओं के स्व सहायता समूहों का गठन कर उन्हें आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के लिए विभिन्न बैको से इस प्रकार महिला स्व सहायता समूह को राज्य की नीति एवं योजनाओं के तहत ऋण प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, राजानवागांव शाखा द्वारा भौतिक लक्ष्य 72 के विरुद्ध 46 प्रकरण स्वीकृत करते हुए वित्तीय लक्ष्य 172.50 लाख के विरुद्ध 127 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, कुकदुर शाखा ने भौतिक लक्ष्य 90 के विरुद्ध 53 प्रकरण स्वीकृत कर 49 स्व सहायता समूहों को 1 करोड़ 16 लाख रूपए वितरित किए। इंडियन ओवरसीज बैंक कवर्धा ने भौतिक लक्ष्य 52 के विरुद्ध 51 प्रकरण स्वीकृत कर 39 समूहों को 33 लाख रूपए का ऋण प्रदान किया। भारतीय स्टेट बैंक सहसपुर लोहारा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 34 प्रकरण स्वीकृत कर 34 समूहों को कुल 86 लाख रूपए का ऋण दिया। भारतीय स्टेट बैंक बिरकोना शाखा ने भौतिक लक्ष्य 120 के विरुद्ध 39 प्रकरण स्वीकृत कर 36 समूहों को 91 लाख रूपए का ऋण वितरित किया। इस प्रकार जिले के स्व सहायता समूहों को कुल 4 करोड़ 53 लाख रूपए का ऋण वितरण किया गया, जिससे ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक ठोस कदम उठाया गया।


कलेक्टर ने कहा कि बिहान योजना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। बैंकिंग सहयोग केवल आर्थिक सहयोग ही नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन स्तर में बदलाव लाने का माध्यम है। बैंकों ने जिस गंभीरता और जिम्मेदारी से ऋण वितरण किया है, वह प्रशंसनीय है। हम अपेक्षा करते हैं कि आने वाले समय में सभी बैंक 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर महिलाओं के आत्मनिर्भर भारत निर्माण में योगदान देंगे।



#### व्यवसाय और आजीविका संवर्धन का नया अवसर मिला

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बिहान योजना अंतर्गत बैंक क्रेडिट लिंकेज से महिलाओं को व्यवसाय और आजीविका संवर्धन का नया अवसर मिला है। बैंकों द्वारा लक्ष्य के अनुरूप ऋण वितरण से महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा है। आगे भी सभी बैंक शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति कर एंटरप्राइज फाइनेंस अंतर्गत अधिक से अधिक समूहों को लाभान्वित करें, यही हमारी प्राथमिकता है। बैठक के दौरान जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की कार्यवाही भी संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा नवरात्रि पर्व



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पंडरिया

नगर के मध्य में स्वयंभू मां महामाया देवी की दिव्य भव्य 400 वर्ष प्राचीन मूर्ति विराजित हैं, जो 484 गांव के पुराने पंडरिया जमींदारी के आस्था का एक मात्र केंद्र है। वर्तमान में इस धार्मिक स्थल के सर्वराकार नाबालिक राजा भिवान राज सिंह हैं। संरक्षक के रूप में राजा के चाचा अमर राज सिंह देखरेख करते आ रहे हैं, वर्ष में दो बार चैत्र और क्वांर माह में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाता है।

दोनों नवरात्रि पर्व में राजपरिवार के साथ सैकड़ों देवी-भक्तों की मनोकामना ज्योति-ज्वांरा स्थापित किया जाता है, इस शारदीय नवरात्र में आस्था के 1301 ज्योति कलश स्थापित किया गया है। वहीं प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में माता सेवा की जस गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं। साथ ही साथ पंचमी व महाअष्टमी को विशेष राजसी देवी श्रृंगार किया जाता हैं मिली जानकारी के अनुसार 30 सितम्बर को महा अष्टमी पूजा हवन होगा साथ ही 02 अक्टूबर को दशहरा के दिन ज्योति विसर्जन शोभा यात्रा, नन्हें राजा की सवारी के साथ बुराई के प्रतीक रावण पुतले का दहन कुशाल बंद तालाब, वार्ड क्रमांक 01 में किया जाएगा।

## शिक्षा को बढ़ावा देने शिक्षक तुलस चंद्राकर की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुण्डा

ग्राम महली निवासी व्याख्याता राज्यपाल पुरस्कृत तुलसराम चंद्राकर ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार पहल की शुरूआत किया है, जिसके तहत इन्होंने अपने पिता स्व रामनाथ चंद्राकर के स्मृति में कक्षा दसवीं और बारहवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को 1001 व प्रतीक चिन्ह तथा लोकल कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने की घोषणा किया गया था, जिसके तहत 2025 उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह का कार्यक्रम का आयोजन मां दुर्गा पंडाल बैग चौक महली में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम महली के 13 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि गजपति साहू जनपद सदस्य तथा गिताराम साहू प्राचार्य आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पंडरिया द्वारा पुरस्कृत किया। शिक्षक दिवस द्वारा छोटे-छोटे बच्चों के प्रतिभा को निखारने के लिए प्रत्येक वर्ष नवरात्रि पर्व पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करके बच्चों के प्रतिभा को निखारने का प्रयास करते है, जैसे थाली सजाओं प्रतियोगिता, चित्रकला, निबंध, मेहंदी गायन प्रतियोगिता आदि का आयोजन करके बच्चों का उत्साह वर्धन और उनके प्रतिभा को परख कर उनको संवारने का कार्य करते रहते हैं, जिसके लिए यह शिक्षक पूरे गांव और आसपास क्षेत्र में उनकी प्रशंसा की जाती है।



### सांस्कृतिक व लोक दर्शन का आयोजन 01 को



**हरिभूमि कुण्डा।** आदिशक्ति मां दुर्गा उत्सव एवं विजयादशमी के पावन पर्व के शुभ अवसर पर रात्रिकालीन ग्राम कुण्डा में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट एवं पंडरिया विधानसभा के विधायक श्रीमती भावना बोहरा के सौजन्य से 01 अक्टूबर बुधवार को न्यू बस स्टैंड मैदान में ग्राम पंचायत कुण्डा के मार्गदर्शन निर्देशक अमर श्रीवास एवं दीपशिखा श्रीवास के प्रस्तुति रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम नए अंदाज में आज के और आपके अनुरूप लोक गीत, लोकनृत्य, हाय छत्तीसगढ़ का हास्य पड़ाव रात्रिकालीन कार्यक्रम लोक दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजनों को इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील की गई।

## मोहगांव में श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ पाण्डातराई

नवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम मोहगांव में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उत्साह के साथ श्री अखंड नवधा रामायण पाठ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के भक्तों की भारी उपस्थिति रही। अखंड रामायण पाठ के दौरान पूरे गांव का वातावरण भक्ति और आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। इस अवसर पर पंडरिया क्षेत्र की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने माता रानी के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। श्रीमती ममता चंद्राकर ने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व हमें सत्य, प्रेम और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, सौहार्द और संस्कारों का प्रसार होता है। कार्यक्रम में कुण्डा ब्लॉक अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, राजेश चंद्रवंशी, मोचन दाऊ, दिलीप चंद्रवंशी, गेंदलाल चंद्रवंशी, राधेलाल, नरेश यादव, चैन, अमन चंद्रवंशी और एचपी पाठक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। सभी ने भक्ति संगीत, भजन और हवन में श्रद्धा के साथ भाग लिया। ग्रामवासियों ने बताया कि हर वर्ष नवरात्रि पर्व पर मोहगांव में श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जाता है, जो गांव की परंपरा बन चुकी है। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रकट करता है बल्कि ग्रामवासियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। अंत में मां दुर्गा की आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। ग्रामीणों ने इसे एक यादगार और आध्यात्मिक अनुभव बताया तथा आयोजकों को सफल आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### स्वदेशी सामान का उपयोग के लिए बमईपुर के लोंगो ने लिया संकल्प



**हरिभूमि कोलेगांव।** स्वदेशी सामान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में पूरे देश में एक मुहिम आयोजित की जा रही है। आज लोग बहुत अच्छे से समझ रहे हैं कि प्रधानमंत्री का उद्देश्य देश को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। स्वदेशी सामान के उपयोग से सिर्फ देश आर्थिक रूप से मजबूत ही नहीं होगा, उसके आलावा हमारे छोटे-छोटे व्यापारियों को मजबूती प्रदान करेगी। स्वदेशी सामान का अधिक से अधिक उपयोग के उद्देश्य से चलाए जा रहे मुहिम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं कवर्धा जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में कुंडा मण्डल प्रभारी रामकुमार भट्ट, कुंडा मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी, विकास पांडेय, संतोष चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, ओम यदु, दिनेश मिश्रा व धज्जू चंद्राकर तथा रामस्वरूप साहू की अगुआई में पूरे मण्डल में कार्य किया जा रहा है। उसी कड़ी में बमईपुर ग्राम में स्वदेशी सामान खरीदी करने हेतु लोगों को प्रेरित किया गया जिसमें गांव के युवाओं ने विदेशी सामान को ना कहने की बात कही। वही बमईपुर बूथ के कार्यक्रम प्रभारी एवं जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु ने कहा की आज बमईपुर के लोगों में गजब का उत्साह नजर आ रहा है, इस बात को लेकर लोग प्रश्न दिख रहे हैं की अपने देश में निर्मित सामान खरीदने हेतु एक मुहिम आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में दादू राम साहू, भुवनेश्वर राजपूत, केदार यादव, नरेन्द्र यादव, रामेश्वर यादव एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



## खबर संक्षेप



### महाष्टमी पर नेवनारा चंडी मंदिर में होगा महाभोग भंडारा

**बेरला।** जिला मुख्यालय बेमेतरा से महज 45 किमी पूर्व स्थित बेरला ब्लॉक के ग्राम नेवनारा स्थित मां सिद्धि पीठ चंडी मंदिर में भक्तिभाव का विशेष माहौल बना हुआ है। मंदिर प्रांगण में भक्तों द्वारा अब तक 418 मनोकामना ज्योतियां प्रज्वलित की जा चुकी हैं। ट्रस्ट सदस्य मदन सिन्हा ने बताया कि यह छत्तीसगढ़ का अनोखा मंदिर है, जहां मां भवानी चंडी और भगवान पशुपतिनाथ शिव एक साथ विराजमान हैं। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए यहां पहुंचते हैं तथा देर रात तक माता की जस-सेवा व भक्ति गीतों का आनंद लेते हैं। इस दौरान मंदिर परिसर में विशेष हवन, महाभोग एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करने और महाभोग प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### अष्टमी हवन आज

**सुरगी।** ग्राम संबलपुर की शिव पार्वती सिद्ध शक्तिपीठ में शारदीय नवरात्रि में 215 ज्योति कलश की स्थापना किया गया है । अष्टमी हवन 30 सितंबर को रखा गया है। हवन के बाद माता का झूला का कार्यक्रम होगा। आगामी एक अक्टूबर को ज्योत जंवारा विसर्जन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के व्यवस्थापक शेष नारायण साहू, बनवाली यादव ने दी।

### मटिया में श्रीमद भागवत कथा दो से

**डोंगरगांव।** मटिया वार्ड 14 स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर परिसर में आगामी दो से 10 अक्टूबर तक श्रीमद भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया गया। शर्मा परिवार के श्राद्ध कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित भागवत कथा में पं रूपेश महाराज माना कथा का रसपान कराएंगे। आयोजक परिवार ने बताया कि प्रथम दिन कलश यात्रा, वेदी पूजन, मंडप प्रवेश होगा। आगामी तीन अक्टूबर को गौकर्ण कथा, ब्रह्मदेव, वराह अवतार, 4 को सृष्टि वर्णन, ध्रुव चरित्र, सती चरित्र, 5 को जड़भरत चरित्र, नाम गुरू महिमा, प्रहलाद चरित्र, 6 को क्षीरसागर महिमा, राम कृष्ण जन्म, 7 को बाललीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, रुख्मणी विवाह, 8 को जरासंध वध, सुदामा चरित्र, होली उत्सव, 9 को सूर्य चन्द्र ग्रहण महिमा, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी व नगर भ्रमण होगा।

### प्रधानपाठक कंवर सम्मानित

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुषराम कंवर को विनोबा एप्प में अगस्त में जिला स्तर के पोस्ट आफ मंथ का विजेता बनने पर एपीसी मनोज मरकाम, बीआरसी सुरेश सहारे, नरेंद्र साहू ने सम्मानित किया। उन्हे संकुल प्राचार्य राजकुमारी जैन, संकुल समन्वयक प्रमोधदास सिरदार, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, गजेंद्र मंडावी, रविकुमार चन्द्रवंशी, महेंद्र कंवर आदि ने बधाई दी है।

समूह का चौक-चौराहा, गोठान, मंदिर, गली, सड़क में सफाई का अभियान जारी

# देऊरगांव की जय गोंडवाना महिला स्व सहायता समूह सम्मानित, पीएम मोदी ने भी की थी प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



साजा विकासखण्ड के देऊरगांव की जय गोंडवाना महिला स्व सहायता समूह को हाल ही में राजा शंकर शाह मंडावी एवं कुंवर रघुनाथ शाह मंडावी की 168वीं शहादत दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया। सुवरतला बीजागोड़ चौक, विकासखंड साजा में आयोजित कार्यक्रम में समूह की महिलाओं को उनके अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह महिला स्व सहायता समूह शांति नेताम की अध्यक्षता में गांव में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रहा है। समूह की सदस्य घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने, साफ-सफाई बरतने और विभिन्न बीमारियों के प्रति प्रेरित करने का काम कर रही हैं। समूह नियमित रूप से चौक-चौराहा, गोठान, मंदिर, गली, सड़क, विद्यालय परिसर, एवं सार्वजनिक जगहों की साफ-सफाई का अभियान चलाता है। वे गली-गली में डस्टबिन लेकर सफाई में जुट जाती हैं, जिससे गांव की गलियां और चौक-चौराहे साफ-सुथरे बने रहते हैं। इसके अलावा, समूह की महिलाएं दीवारों पर पोस्टर चिपकाकर और स्लोगन लिखकर लोगों को स्वच्छता और बीमारियों के प्रति जागरूक करती हैं।

■ पीएम ने अपने मन की बात में इस समूह के कार्यों की प्रशंसा कर चुके हैं

### कचरा प्रबंधन से आत्मनिर्भरता की ओर

समूह की अध्यक्ष शांति नेताम ने बताया कि वे ग्राम पंचायत देऊरगाँव में एक स्वच्छाग्रही समूह के रूप में काम करती हैं। वे सप्ताह में एक दिन घर-घर जाकर गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग इकट्ठा करती हैं। गीला कचरा से कंपोस्ट खाद बनाकर विक्रय किया जाता है। सूखा कचर (प्लास्टिक, डिब्बा, टीना, लोहा आदि) को कबाड़ी वाले को बेचकर समूह अच्छा आय प्राप्त करता है। इस तरह, कंपोस्ट खाद बनाकर और कबाड़ बेचकर यह समूह आत्मनिर्भर भी बन रहा है। स्वास्थ्य जागरूकता के तहत, महिलाएं ग्रामीणों को ठंडी चीजें न खाने, हमेशा गुनगुना पानी पीने, और हाथों को बार-बार साबुन से साफ करने जैसी आवश्यक सावधानियों के बारे में भी बताती हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी भी कर चुके हैं प्रशंसा

समूह के इन पुनीत कार्यों की प्रशंसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में मुक्त कंठ से की थी। उन्होंने देऊरगाँव की महिलाओं को पूरे देश के लिए आईकॉन बताते हुए सभी को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही थी। इस समूह को स्वच्छता के क्षेत्र में विकासखंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर इन्हें कर्तव्य पथ पर होने वाले परेड के लिए विशेष रूप से आमंत्रित भी किया गया था। समूह को ग्राम पंचायत देऊरगाँव की सरपंच धनेश्वरी जंघेल और ग्राम पंचायत की सचिव नमिता लहरी का लगातार प्रोत्साहन मिल रहा है। समूह के प्रमुख सदस्यों में अध्यक्ष शांति नेताम, सचिव कलिन्द्री सोरी, हिना नेताम, तिजिया सोरी, विशवासा सोरी, इन्द्राणी धुर्वे, शुकवारो सोरी, द्रोपती कुंजाम, रामहिन धुर्वे, और जामिन सोरी आदि शामिल हैं।

स्वच्छता पखवाड़ा

# डंगनिया स्कूल में बच्चों और शिक्षकों ने किया जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

विकासखण्ड बेरला के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सण्डी संकुल केंद्र डंगनिया में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। गौरतलब हो कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का थीम स्वच्छोत्सव पर आधारित है।

वही शिक्षक ओमनारायण साहू ने बताया कि बच्चों को स्वच्छता के महत्व एवं समुदाय के सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूक की गई। इस अभियान के तहत शाला में अनेक गतिविधियां की गई। जिसमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा स्वच्छता शपथ, विद्यालय व सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई, शाला में हैंडवाशिंग दिवस, स्वच्छोत्सव थीम पर रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सफाई अभियान के लिए झाड़ू बनाने की कला, बच्चों के द्वारा स्वच्छता पर आधारित नाटक रोल प्ले किया गया। विद्यालय प्रवेशद्वार पर सेल्फी पॉइंट बनाकर विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों की सहभागिता से नारे के द्वारा जनसमुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख के मनीषा देवांगन, शिक्षक लोकेश साहू, ओमनारायण साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक, वीरेंद्र सिन्हा, नीलेश वर्मा, राधेश्याम ईसदा, रामस्वरूपसाहू, स्वच्छता मित्र आशीष साहू, रामजी यादव एवं बड़ी संख्या में बच्चों की सहभागिता रही।

■ शपथ, नाटक और प्रतियोगिताओं से समाज को किया जागरूक

# युवा शिविर में अलग-अलग राज्यों के 37 युवाओं ने लिया हिस्सा



**बेमेतरा।** परिवार व्यवस्था में जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 7 दिवसीय मानव तीर्थ ग्राम किरीतपुर में युवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर पर देशभर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिये। इस शिविर में 37 प्रतिभागी शामिल रहे। 2 अलग-अलग राज्यों से जिसमें महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों से युवा शामिल हुए। इस शिविर (यूथ कैंप) का उद्देश्य परिवार व्यवस्था में जीने की समझ के लिए जीवन विद्या के परिचय शिविर के लिए किया गया। युवाओं को मानव तीर्थ में हो रहे अध्ययन और अभ्यास का भास हो, युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना तथा निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा। शिविर के अंतिम दिन के मूल्यांकन सत्र में सभी युवाओ ने अपना अनुभव साझा किया।

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सुधीर प्रताप सिंह डिप्टी डायरेक्टर डेयरी प्रोडक्ट्स छत्तीसगढ़ शासन, विशेष अतिथि के रूप मे डीएसपी कौशल्या साहू व विलास वरूड़कर भोपाल मध्य प्रदेश शामिल हुए। मानव तीर्थ से साधन भट्टाचार्य, राम मिलन यादव, अंकित पोगुला, मृदु पोगुला,एवं सीनियर अध्ययनार्थी की मौजूदगी पर शिविर सफल रहा।

# जनसेवक तिवारी ने शीतला माता मंदिर में की पूजा अर्चना व क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भाजपा कार्यकर्त्ता जनसेवक शिवम तिवारी ने शीतला माता मंदिर पहुंचे।

यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ मां शीतला माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता शिवम तिवारी ने क्षेत्र एवं प्रदेश की जनता को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा – नवरात्रि शक्ति और साधना का पर्व है। मां दुर्गा की उपासना से हमें जीवन में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सच्चाई पर चलने की प्रेरणा मिलती पर्व सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है। आइए हम सब मिलकर मां दुर्गा से यह प्रार्थना करें कि हमारे क्षेत्र और प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी भाईचारा बना रहे।" इस अवसर पर मुख्य पुजारी बसंत दुबे, प्रणव दुबे, पीयूष दुबे राजेश मिश्रा रंजन राजपूत दिव्यांशु शर्मा डालेश्वर दुबे उपस्थित थे ।

# न्यू गुरुकुल स्कूल में गरबा महोत्सव का भव्य आयोजन



**नवागढ़।** नगर स्थित न्यू गुरुकुल स्कूल परिसर शनिवार को नवरात्रि पर्व पर गरबा की थापों और रंग-बिरंगे परिधानों से गूंज उठा। मां आदिशक्ति की आराधना के साथ आरंभ हुए इस महोत्सव में बच्चों और शिक्षकों ने पारंपरिक गरबा खेलकर भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और पूरे विद्यालय परिवार के जयकारों के साथ हुआ। ढोल-नगाड़ों और संगीत की थाप पर सभी ने उत्साह से पारंपरिक नृत्य किया और माता रानी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्ने बच्चे रहे, जो पारंपरिक वेशभूषा और गरबा लुक में बेहद मनमोहक नजर आए। उनकी चंचल अदाओं और गरबा की थिरकन ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चे, अभिभावक और शिक्षक सभी ने एक साथ गरबा खेलकर इस उत्सव को जीवंत बनाया। महोत्सव को सफल बनाने में शाला के डायरेक्टर गजपाल सिंह खुराना और प्रिंसिपल मनिंदर कौर खुराना की अहम भूमिका रही। इस दौरान जितेंद्र पाल, कामेश्वर रजक, दीक्षा गुप्ता, देविका घोष सहित शिक्षकों की एक बड़ी टीम का सराहनीय योगदान रहा। नवरात्रि के भक्ति और उत्साह से सराबोर यह गरबा महोत्सव बच्चों के लिए सांस्कृतिक शिक्षा का अवसर बना और पूरे गुरुकुल परिवार के लिए एक यादगार अनुभव रहा।

# जनकल्याणकारी योजनाएं आमजनों के लिए है लाभकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, बैंकों के कार्यकलापों तथा हितग्राही उन्मुख कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है, जब उनका प्रभावी क्रियान्वयन धरातल तक पहुंचे। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों एवं बैंकों से अपेक्षा जताई कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी पात्र हितग्राही को वंचित न रखा जाए।उन्होंने विशेष रूप से कृषि प्रधान बेमेतरा जिले की परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन और मत्स्यपालन जैसी आयमूलक गतिविधियों को बढ़ावा देना अति आवश्यक है। कलेक्टर ने बैंकों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता क्षेत्र ऋण वितरण में सक्रिय सहयोग दें तथा जरूरतमंद किसानों और ग्रामीणों को ऋण एवं अनुदान का लाभ सरलता से उपलब्ध कराएं।

■ जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं परामर्शदात्री समिति की बैठक

### स्वरोजगार योजनाओं पर जोर

बैठक में स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति पर भी गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खादी ग्रामोद्योग योजनाएं, मुद्रा योजना और अन्य स्वावलंबी कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन कर अधिक से अधिक युवाओं और बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ा जाए।

**बैंकिंग सेवाओं की समीक्षा:** बैठक में विभिन्न बैंकों के ऋण अनुपात, खाता संचालन, आधार सीडिंग एवं वित्तीय समावेशन की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना (विशेषकर पशुपालन एवं मत्स्यपालन के लिए साख उपलब्धता), तथा महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत आधार लिंकिंग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### पारदर्शिता एवं जवाबदेही जरूरी

कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले की बड़ी आबादी खेती-किसानी और उससे जुड़ी गतिविधियों पर निर्भर है, इसलिए शासन की योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर लागू करना अत्यंत आवश्यक है। बैठक के अंत में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग और बैंक आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के विकास एवं हितग्राहियों की समृद्धि में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन योजनाओं की निगरानी एवं मॉनिटरिंग लगातार करता रहेगा, ताकि योजनाओं का अधिकतम लाभ अंतिम पंक्ति तक बैठे पात्र हितग्राहियों को मिल सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रेमलता पदमाकर, एडीएम डॉ.अनिल बाजपयी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्यपालन विभाग, पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# दुर्गा पंडाल के सामने हाईवा ने बच्चे को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत फरीद नगर लाल मैदान के पास लगे एक दुर्गा पंडाल में आरती के दौरान आए एक तेज रफ्तार हाइवा ने 12 साल के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। ट्रक चालक बच्चे को अपने साथ घसीटते हुए ले गया, इससे उसका हाथ शरीर से अलग होकर गिर गया। सुपेला पुलिस से पता चला कि डेरा बस्ती के पास लगे माता के पंडाल में रविवार शाम 6-7 बजे के बीच आरती का आयोजन हो रहा था। वहां डेरा बस्ती व आसपास के लोग पहुंचे थे। इसी दौरान हाइवा क्रमांक सीजी 10 सी 5526 तेज रफ्तार में आया और सूर्या धुर्वे नाम के बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। बच्चा हाइवा के ना रुकने से उसके साथ घिसटते हुए काफी दूर तक गया। इससे उसका एक हाथ कटकर शरीर से अलग हो गया। कुछ दूर आगे जैसे ही भीड़ के चलते हाइवा रुका लोगों ने उसे घेर लिया और चालक को जमकर पीटा और हाइवा में तोड़फोड़ की।




# ग्राम आंदू में प्राथमिक शाला के बच्चों ने निकाली शिक्षा जागरूकता रैली




**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत आंदू में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा शिक्षा की जागरूकता को लेकर रैली निकाली गई रैली का नेतृत्व शिक्षक आशीष वर्मा के द्वारा किया गया। शिक्षा जागरूकता रैली ग्राम आंदू के विभिन्न गलियों से होकर गुजरी जहां ग्राम वासियों को संदेश दिया गया कि 6 से 14 वर्ष के बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाये और शिक्षा से जोड़ने की बात कही गई शिक्षक आशीष वर्मा ने ग्राम वासियों से बच्चों के नियमित शाला जाने एवं शाला त्यागी बच्चों को भी स्कूल भेजने हेतु ग्राम वासियों से आग्रह किया रैली में बच्चों ने ग्राम आंदू में घूम कर तक्तियां लेकर शिक्षा संबंधी नारों के साथ ग्राम का भ्रमण किया और ग्राम वासियों को संदेश दिया कि सभी बच्चों को स्कूल भेजें ताकि वह शिक्षित होकर समाज का नाम रोशन कर सके एवं समाज की सेवा कर सके ।







